गणेश पूजन के साथ 18 नवंबर को जयपुर समारोह का आगाज करेगा ग्रेटर नगर निगम

कागज की कतरनों का उपयोग कर बनाए जा रहे हैं निमंत्रण पत्र, जिनमें पौधों के बीज होंगे

जयपुर (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की ओर से जयपुर समारोह-2024 का आगाज 18 नवंबर से होगा। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेस में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 18 नवंबर से 18 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। महापौर ने सर्वप्रथम सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाऐं दी।

महापौर डॉ. सौम्या ने कहा कि जयपुर समारोह आमजन से जुड़ा हुआ आयोजन है। जयपुर 297वें वर्ष का हो गया है, इसी उपलक्ष्य में जयपुर समारोह के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जयपुर समारोह की सबसे खास बात यह है कि नगर निगम की टीमों द्वारा स्क्रैप को इकट्ठा कर उसे रिसाइकल कर उसमें बीज डालकर निमंत्रण पत्र बनाये जाएंगे, जिससे रिसाइकल पेपर जहां भी गिरे वहां उन बीजों से पौधे उग सके। इसके साथ ही 16 से 18 दिसम्बर तक मेयर समागम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें देशभर के मेयर जयपुर आकर जयपुर की खुबसूरती को निहार सकेंगे।

उन्होंने बताया कि किसी भी समारोह की स्वच्छता से की जाती है इसलिये स्वच्छता सप्ताह का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही कठपुतली नृत्य, कच्छी घोड़ी नृत्य, जयपुर का जायका सहित कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कच्ची बस्तियों में जाकर आर.आर.आर. सेंटर पर आये हुये सामान को जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाया जायेगा।

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, सांस्कृतिक समिति की चेयरमैन दुर्गेश नंदिनी और आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने शनिवार को जयपुर समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।

ज्ञात रहे कि जयपुर शहर की स्थापना महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने 18 नवंबर 1727 को की थी। जयपुर नगर निगम द्वारा हर वर्ष जयपुर शहर की स्थापना की वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस वर्ष भी जयपुर नगर निगम द्वारा स्थापना समारोह कार्यक्रम की शुरूआत में मोतीडूंगरी गणेश मन्दिर पर प्रातः 10 बजे महा आरती (महिलाओं के साथ) गज पूजा, नगाडे एवं शहनाई का तीनों प्रमुख दरवाजों, गणेश मन्दिर एवं स्टेच्यू सर्किल पर प्रदर्शन, प्रस्तुति की जायेगी। इसके पश्चात् गंगापोल गेट (जहां पर जयपुर शहर की नीव लगी थी।) गणेश पूजन, गोविन्द देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना की जायेगी।

18 नवंबर की शाम 5 से 7 बजे स्टेच्यू सर्किल पर दीपदान का कार्यक्रम एवं रोशनी से सजावट की जायेगी। इस कार्यक्रम के बाद 21 नवंबर को स्वच्छता सप्ताह आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत प्रत्येक जोन में वार्ड स्तर पर स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। सबसे अच्छे प्रदर्शन वाले वार्ड को

- **एक माह तक आयोजित होंगे सांस्कृतिक और स्वच्छता कार्यक्रम**
- **16 से 18 दिसंबर तक जयपुर में ''मेयर समागम'' होगा, इस उत्सव में विभिन्न देशों के महापौर को आमंत्रण भेजा**

सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक जोन में मांडणा प्रतियोगिता, जिसमें राइजिंग राजस्थान एवं स्थानीय कला के मांडणा बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। सभी प्रमुख दरवाजों पर रोशनी की जायेगी।

इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत आर.आर.आर. सेन्टर पर उपलब्ध सामग्री उपयोगी सामग्री का निर्माण कर प्रदर्शन किया जायेगा, ऐसी सामग्री जिसका उपयोग तुरन्त लिया जा सकता है, उन्हें जरूरत मंद लोगों एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता को उपलब्ध कराया जायेगा।

इसके अतिरिक्त विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे राम ही सुर भजन प्रतियोगिता, प्रेम रामायण कार्यक्रम 16 दिसम्बर 2024 को बिडला ऑडिटोरियम, मयूरी प्रतियोगिता (कॉलेज छात्राओं के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतियोगिता) आयोजित किये जायेगे। विभिन्न आर्टस, आर.आर.आर. के सामानों की प्रदर्शनी भी की जायेगी।

जयपुर के मंदिरों का पुराना स्वरूप देखकर खुश हुए शहरवासी

जयपुर (कासं)। जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान टूरिज्म के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन के तीसरे सीजन का होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में एग्जिबीशन के पहले दिन लोगो ने पुराने जयपुर के प्रसिद्ध मंदिरों को देख खुश हुए । विजीटर्स ने एकसाथ पूरा जयपुर एक ही जगह देख कैमरों में कैद किया। यह एग्जीबिशन 16 से 23 नवम्बर तक आयोजित होगी। विजिटर्स के लिए एग्जीबिशन का समय सुबह 11 बजे से होगा और एंट्री सभी के लिए निशुल्क है।

विजिटर्स को एग्जीबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरें दिखाई जा रही हे। जयपुर के विंटेज तस्वीरों में पहली बार मोती डूंगरी गणेश मंदिर का पुराना स्वरूप,खोले के हनुमानजी, गोविंद देव मंदिर,ताडकेश्वर मंदिर ,जयपुर शहर की पुरानी चौपड का स्वरूप देखकर कहा कि जयपुर ऐसा ही वापस हो जाए तो बेहद खूबसूरत लगेगा। एग्जीबिशन में 80 से ज्यादा फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं।

एग्जिबिशन में विजटर्स ने जयपुर राजपरिवार की पुरानी फोटो देख कैमरों में कैद की।ओर रॉयल फैमिली के कल्चर को देखा।

सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने एग्जिबिशन का दौरा किया और सभी फोटोग्राफर्स की तस्वीरों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि इस एग्जीबिशन का उद्देश्य है कि जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना है।

सार-समाचार

स्कूली बच्चों को पाठ्यसामग्री वितरित

जयपुर । अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसाइटी के लेडीज सर्किल इंडिया की ओर से राउंड टेबिल इंडिया के सहयोग से जयपुर में दो स्कूलों के बच्चों को कॉपियां और लेखन सामग्री का वितरण किया गया। बाल दिवस के सिलसिले में हुए कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी के सेट और अन्य स्टेशनरी दी गई। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर ने बताया कि ये कार्यक्रम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गाँधी नगर और सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वाटर वर्क्स में आयोजित किये गए। कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेल और अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। उन्हें खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर सोसाइटी की उपाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी माथुर और सचिव कल्पना माथुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

वीर सावरकर यूथ क्लब ने लगाए पौधे

जयपुर । नेहरू युवा केंद्र संगठन जयपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत चल रहे एक पेड मां के नाम कार्यक्रम में वीर सावरकर यूथ क्लब ने बिरसा मुंडा जयंती एवं गुरु नानक परब के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम महेश नगर पालीवाल पार्क में आयोजित किया। जिसमें युवाओं ने अच्छी संख्या में उपस्थित दर्ज करवाई एवं पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात युवा मंडल अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया कि कार्यक्रम में अविरल, अभिषेक, कृष्ण कांत सहित अन्य स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहीं।

डॉ.काश्यप का कविता पाठ 17 को



जयपुर । वरिष्ठ कवि व गीतकार डॉ आनंद काश्यप आगामी रविवार 17 नवम्बर को अपनी कविताएँ और गीत सुनाएँगे। बोधि प्रकाशन , जयपुर द्वारा डॉ राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित होने वाले इस एकल काव्य पाठ के कार्यक्रम में पूर्व आई ए एस शुचि शर्मा व कवि मायामृग डॉ काश्यप के साथ संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर शहर के अनेक कवि व लेखक मौजूद रहेंगे। डॉ. आनन्द काश्यप की कविताओं और गीतों की नई पुस्तक शीघ्र ही बोधि प्रकाशन से प्रकाशित हो रही है।

सदाबहार गीतों पर झूमे श्रोता

जयपुर । संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आखिरी दिन शनिवार को बॉलीवुड के लेजेण्डरी संगीत निर्देशक सलिल चौधरी व रोशन के संगीतबद्ध गीतों की सुरीली शाम संजोई गई। इसमें संस्थान के तकरीबन 20 से अधिक कलाकारों ने सुर, लय और ताल में सदाबहार गीतों की माला पिरोकर संस्थान परिसर को गुंजा दिया। संगीत निर्देशक वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार तन्विका दीक्षित आ हा रिमझिम के ये प्यार..., वनिता हीरानी ने ना जाने क्यूं होता है..., कशिश कंवर ने ना जिया जाए रे..., भूमिका राठौर ने ओ सजना बरखा बहार आई..., ममता शर्मा ने आ जारे मैं तो कब से..., खुशबू कंवर ने सारी सारी रात तेरी याद सताए..., रजनी कुमावत ने दुनिया में ऐसा कहां सबका नसीब..., गीत शर्मा ने घड़ी-घड़ी मोरा दिल धड़के..., जीनस कंवर ने तस्वीर तेरी दिल में..., रियाशीं अग्रवाल ने कई बार यूं भी देखा है... जैसे गीत की दिलकश प्रस्तुति दी। इसी प्रकार प्रीति प्रधान ने दिल तड़प तड़प के..., जयति कुमारी ने इतना मुझसे तू प्यार बढ़ा...,लक्ष्य शर्मा ने आररत तारारम..., प्रियंका ने मैंने तेरे लिए सात रंग के..., जगदीश ने दिल जान कह सका..., अंजली शर्मा ने ये दिन क्या आए..., राघव, नीत, आलिया, अभिराम व प्रिया ने इंस्ट्रूमेंटल पर जिंदगी कैसी है पहली...की सुरीली प्रस्तुति देकर माहौल में बॉलीवुड संगीत की मेलॉडी का रस घोल दिया। अकॉर्डियन पर सुलेमान खान, हारमोनियम पर वत्सल अनुपम, तबले पर वरुण, इलेक्ट्रॉनिक पेड पर गर्वित, गिटार पर देवांक व दिशा शर्मा ने संगति की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

डेयरी पर नशा बेचने वाला गिरफ्तार

जयपुर । ज्योति नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार देर शाम को कार्रवाई करते हुए दूध डेयरी आड में नशा बेचने वाले एक आरोपी तस्कर को पकडा है और उनके पास से पांच किलों अवैध मादक पदार्थ अफीम भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि ज्योति थाना पुलिस ने दस साल से शहर के पॉश इलाके में दूध की डेयरी की आड में अवैध मादक पदार्थ अफीम की सप्लाई करने वाले तस्कर रामनिवास जाट को लालकोठी योजना से गिरफ्तार कर उसके पास से पांच किलो अफीम भी जब्त की गई है। पुलिस जांच में आरोपित से जब्त मोबाइल में कोटपूतली में 250 किलोग्राम डोडा पोस्त की सप्लाई भी जानकारी मिली। इस पर कोटपूतली एसपी राजन दुष्यंत को सूचना देकर इलाके में रेड करवाई गई। पुलिस गिरफतार अरोपित से मादक पदार्थ अफीम और डोडा पोस्त की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पत्रकार कॉलोनी में अन्नकूट उत्सव

जयपुर । पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के तत्वावधान मे आज अन्नकूट प्रसादी का आयोजन सामुदायिक केंद्र पार्क मे हुआ जिसमे चार सौ लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण क्री। इस मौके पर बद्रीश्वर महादेव मंदिर मे कढ़ी बाजरे का भोग लगाया गया। अन्नकूट प्रसादी मे पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष कानाराम कड़वा, महासचिव नरेंद्र , पार्षद मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता सुनील सिंघानिया, बीजेपी नेता घनश्याम गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर शर्मा, अजीत तिवारी, बीएस गुप्ता, डॉ जेपी गुप्ता, गोविन्द गोयल, सतगुरु गुप्ता, अंकुर सहित कई पत्रकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। प्रसादी दोपहर बारह बाजे से शाम पांच बजे तक चली।

महिला के हैंडबैग से जेवरात पार

जयपुर । विद्याधर नगर थाना इलाके में बदमाशों ने एक ई रिक्शा सवार महिला के हैंडबैग से सोने चांदी के जेवरात पार कर लिए। महिला अपने पति के साथ एक अस्पताल गई थी। पुलिस के अनुसार पृथ्वीराजपुरी आदर्श नगर अजमेर निवासी मनमोहन सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह अल्का सिनेमा के पास से ई रिक्शा में सवार होकर विद्याधर नगर स्थित एक अस्पताल गया था। अस्पताल पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी के हैंडबैग की चेन खुली है। चैक किया तो हैंडबैग में रखे जेवरात गायब थे। घटना 14 नवम्बर की है। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

ट्रांसपोर्टर्स की सभी समस्याएं दूर करेगी सरकार : झाबर सिंह खर्रा

जयपुर (कासं)। जयपुर-सीकर रोड पर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के भवन का शिलान्यास व उद्घाटन यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व विधायक गोपाल शर्मा ने किया। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चौधरी, महासचिव विजय कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल जैन, कोषाध्यक्ष गणपत चौधरी, उपाध्यक्ष हजारी गुर्जर, सचिव कैलाश शर्मा, प्रचार मंत्री राजकुमार यादव, संगठन मंत्री राजेश भारद्वाज व वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर पंकज गोयल उपस्थित रहे।

अध्यक्ष जगदीश चौधरी व महासचिव विजय कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2004 में ट्रांसपोर्ट नगर में 1111 की दर पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने भूखंड़ आवंटित किए थे, लेकिन बाद में जेडीए ने दरें बढ़ाकर 13500 रु. कर दी। सभी ट्रांसपोर्टर चाहते हैं कि जेडीए पुरानी रेट 1111 में या रियायती दरों पर ट्रांसपोर्टर्स को भूखंड़ आवंटित करें तथा इस योजना से वंचित रहे ट्रांसपोर्टर्स के लिए नई लॉटरी निकालकर भूखंड अलॉट करें। जेडीए से ट्रांसपोर्ट नगर योजना में लीज मनी और पेनल्टी माफ करने की भी मांग की।

एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंडों की नीलामी को रोककर लॉटरी निकाली जाए। या नीलामी में भी भूखंड केवल ट्रांसपोर्टरों को ही दिया जावे। अन्य सभी योजनाओं में सरकार उनसे संबंधित को ही आवंटित करती है इस प्रकार ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भी केवल ट्रांसपोर्टों को ही भूखंड दिया जावे, जो ट्रांसपोर्ट नहीं है उनके भूखंडो तुरंत को निरस्त किया जाए।

वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर पंकज गोयल ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में कचरा प्लांट हटाया जाए और बिजली, पानी, रोड की इतने साल बाद भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है जिससे ट्रांसपोर्टरों में रोष है, जल्द से जल्द ट्रांसपोर्ट नगर में विकास कार्य चालू होने चाहिए, जिससे सभी ट्रांसपोर्टर बंधु ट्रांसपोर्ट नगर में अपना सुचारू व्यापार शुरू कर सकें। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आश्वासन देते हुए कहा कि विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट नगर की जो समस्याएं हैं, उन्हें दूर करने के प्रयास करेंगे। वर्ष 2004 में ट्रांसपोर्ट नगर योजना आई, लेकिन यहां 20 वर्ष बाद भी विकास नहीं हो पाया।

पत्रकारों पर हमले की निंदा

जयपुर । टोंक जिलें के देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के अलीगढ टोल प्लाजा के पास कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमलें की पिंकसिटी प्रेस क्लब ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही हमला करने वाले लोगों की तुरंत गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाई करने,उपकरण नुकसान की क्षितपूर्ति करने और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।

ज्ञात रहे कि गत 14 नवम्बर 2024 को पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में पिंकसिटी प्रेस क्लब बैठक का आयोजन किया गया। जहां क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली के नेतृत्व में प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं क्लब सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर आक्रोश जताते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि दोषियों की गिरफ्तारी कर उन पर कठोर कार्यवाही करने की जाएं। साथ ही उपकरण नुकसान की क्षितपूर्ति की जाएं। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने अन्य राज्यों की तर्ज पर राजस्थान में भी पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का समर्थन किया। बैठक में तय किया गया कि इसके लिए पहले राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा, अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

''ई-मण्डी प्लेटफार्म'' से राजस्थान की मण्डियां होंगी डिजिटल : राजन विशाल

जयपुर । राजस्थान बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में खेत से खरीद ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे कृषकों को खेत से खरीद की सुविधा की घोषणा की गई, जिसके अन्तर्गत ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे कृषकों के खेत से खरीद की सुविधा प्रदान करना शामिल है। सम्पूर्ण मण्डी समिति की प्रक्रिया को ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से किये जाने के लिए आवक से लेकर जावक गेट पास की सम्पूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाईन किया जावेगा। जिसमें मुख्यतया ई-ऑक्सन एवं ई-भुगतान प्रक्रिया को अपनाया जायेगा।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि प्रदेश की मण्डियॉ ई-प्लेटफार्म के माध्यम से डिजिटल होगी जिससे ई-ऑक्शन के माध्यम से व्यापारियों को किसी भी स्थान पर भौतिक रूप से उपस्थित हुये बिना ही भाव लगाने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। बजट घोषणा के क्रियान्वयन के क्रम में मध्यप्रदेश में संचालित ई-मण्डी प्लेटफार्म का अध्ययन करने हेतु राजस्थान राज्य कृषि विपणन विभाग के 5 अधिकारियों का दल उज्जैन एवं देवास मण्डी के भ्रमण हेतु भेजा गया।

- **ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से सीधे कृषकों के खेत से खरीद की सुविधा प्रदान करना शामिल है। सम्पूर्ण मण्डी समिति की प्रक्रिया को ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से किये जाने के लिए आवक से लेकर जावक गेट पास की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन होगी, जिसमें मुख्यतया ई-ऑक्सन एवं ई-भुगतान शामिल हैं।**

अध्ययन दल के द्वारा भ्रमण कर प्राप्त सूचना एवं व्यवहारिक रूप से संचालित गतिविधियों को समझने एवं देखने के पश्चात् मध्यप्रदेश की मण्डियों में संचालित ई-मण्डी प्लेटफार्म ई-अनुज्ञा, ई-मण्डी, फार्मगेट को प्रदेश में लागू किये जाने के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किया।

कृषि विपणन निदेशक राजेश चौहान ने बताया कि बजट घोषणा के क्रियान्वयन हेतु खेत से खरीद की परिकल्पना को पूर्ण करने एवं नियमन व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए ई-मण्डी प्लेटफार्म विकसित किया जाना प्रस्तावित हैं, जिससे प्रदेश के किसानों एवं व्यापारियों को बेहतर विपणन सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी।

ई-मण्डी प्लेटफार्म के विकसित होने से किसान को अपने खेत से राज्य की किसी भी मण्डी में कृषि जिन्स के विक्रय के विकल्प की सुविधा प्राप्त हो सकेगी अर्थात् कहीं से भी कभी भी ई-मण्डी प्लेटफार्म के माध्यम से विक्रय कर सकेगा। जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। साथ ही मण्डी समिति को सभी प्रकार की सूचनाऐं पंजीकृत व्यापार, मण्डी में आने वाले किसान, मण्डी शुल्क, भाव एवं आवक-जावक रिकॉर्ड एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी। ई-भुगतान की सरल प्रक्रिया से किसानों एवं व्यापारियों को सुगमता, मण्डी रिकॉर्ड एवं नियमन की दृष्टि से अनियमितता कम हो सकेगी। किसान खेत से अपनी उपज की पूर्ति तथा व्यापारी की मांग के आधार पर निर्णय ले सकेगें।

''राइजिंग राजस्थान'' में राज्य सरकार और समाज के बीच सेतु है मीडिया : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर । राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शनिवार को राइजिंग राजस्थान में मीडिया की भूमिका कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा मीडिया की सकारात्मक भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, मीडिया, और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि मीडिया सरकार और समाज के बीच एक सेतु का कार्य करता है और राइजिंग राजस्थान के निर्माण एवं सफलता में इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं सहित हर वर्ग के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया को समाज के समक्ष सरकार के सकारात्मक कार्यों को उजागर करना चाहिए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के निर्माण में मीडिया की भूमिका को सराहा।

ब्रह्माकुमारीज जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी ने कहा कि मीडिया समाज में नई चेतना लाने का सशक्त माध्यम है। राजयोग के अभ्यास से मीडिया सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकता है और भय के माहौल में समाज को संतुलन प्रदान कर सकता है।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की ओर से ''मीडिया और सरकार के बीच सकारात्मक सहयोग'' विषय पर कार्यक्रम हुई, जिसमें उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के अलावा कई लोग मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने खाद्य सुरक्षा में राजस्थान की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया कि राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर 18वें स्थान से 6वें स्थान तक की छलांग लगाई है, जिसमें मीडिया की भूमिका सराहनीय रही। राजन महान ने मीडियाकर्मियों से ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने सरकार द्वारा विभिन्न कंपनियों के साथ किए गए अनुबंधों को धरातल पर उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से सामाजिक सद्भाव और पत्रकारिता धर्म का पालन करने का आग्रह किया और सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। ब्रह्माकुमारीज जनसंपर्क अधिकारी बीके कोमल भाई ने कहा कि संस्थान मीडिया प्रभाग के माध्यम से समाज में श्रेष्ठ मूल्यों को जागृत करने का प्रयास कर रहा है। जयपुर वैशाली नगर प्रभारी राजयोगिनी बीके चन्द्रकला दीदी ने मीडिया कर्मियों को राजयोग का अभ्यास करवाकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। द राजस्थान वारियर्स सोसाइटी के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा ने कार्यक्रम को सरकार और पत्रकारों के बीच एक मील का पत्थर करार दिया।

जल्द लागू होगा पत्रकार सुरक्षा कानून : बेढ़म

जयपुर । इंडियन फैडरेशन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम न्यूज़पेपर्स की ओर से शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहर सिंह बेढ़म ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा जल्द ही एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ सरकार की बैठक होगी, जिसमे पत्रकार सुरक्षा क़ानून को अमल में लाने पर सहमति हो सकती है। कार्यक्रम के की नोट स्पीकर और भारतीय जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक मनोज शर्मा ने छोटे और मझौले समाचार पत्रों को विज्ञापन जारी करने में भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए नई विज्ञापन नीति बनाने का सुझाव दिया। इस मौक़े पर मंच पर की कार्यकारी अध्यक्ष मंजू सुराना, पिंक सिटी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अभय जोशी, दैनिक भोर के संपादक बलविंदर बल, ग्रेटर जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर मौजूद रहे।

प्रभात फेरी के साथ श्री निम्बार्क जयंती महोत्सव की शुरुआत

श्री निम्बार्क जयंती महोत्सव की शुरुआत पर शनिवार को श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई।

जयपुर । श्री सर्वेश्वर संसद के बैनर तले निम्बार्क जयंती महोत्सव की शुरुआत शनिवार को चांदनी चैक स्थित श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर से निकली को प्रभातफेरी के साथ हुई। इस दौरान आसपास का क्षेत्र निम्बार्क भगवान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

महोत्सव के तहत रविवार को शाम 4.30 बजे आनन्द कृष्ण बिहारी जी के मन्दिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

महोत्सव के तहत शनिवार सुबह चांदनी चैक के आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर से जयकारों के बीच प्रभातफेरी की शुरुआत हुई। निम्बार्क मंडल के तत्वावधान में निकली यह प्रभातफेरी आनंद कृष्ण मंदिर से गोविन्द देव जी मंदिर, बड़ी चौपड़, गोपाल जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता से निम्बार्क भगवान के जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आनन्द कृष्ण बिहारी मंदिर आकर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में निंबार्क रसिक जनों ने भक्ति रस की रसधार से रसिक जनों को भिगो दिया। इसके बाद श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर हीरापुरा पावर हाउस, जयपुर में ठाकुर जी का अभिषेक किया गया। इसी दिन शाम को आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में बधाई गान उत्सव हुआ,इसमें भजन भजन गायको एवं निम्बार्क भक्तजनों ने सुमधुर बधाई गान की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

- **श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में हुआ बधाई गान**

छह दिवसीय इस उत्सव में गुरुवार को विशेष शोभायात्रा निकाली जाएगी, इस शोभा यात्रा में जगतगुरु श्रीजी महाराज स्वयं सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शोभायात्रा में विशेष रूप से तैयार किए गए रथ में विराजमान श्रीजी महाराज के साथ जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, पुष्कर के भक्त विशेष परिधान में कीर्तन करते चलेंगे। शोभायात्रा शाम 4.30 बजे श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी के मन्दिर से रवाना होकर जयपुर के मुख्य मार्ग त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते हुए वापस श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी के मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न होगी। इसके बाद श्रीजी महाराज का आशीर्वचन एवं चरण वन्दना का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 18 नवम्बर को साम 5बजे समस्त वैष्णवजनों की ओर से श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में युगल शतक पाठ व महाआरती की जाएगी,वहीं 19 नवम्बर को शाम 5बजे श्री निम्बार्क महिला मंडल की ओर से बधाई गान व डांडिया रास का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 20 नवम्बर को श्री निम्बार्क महिला मंडल व प्रसिद्ध गायक मंडल बधाई गायन और भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 21 को दोपहर 3 बजे बधाई गान व छठी महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय भजन मंडलियां भजनों से ठाकुर जी को रिझाएंगे।